पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-08 मंगलवार, दिनांक- 08 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.05 बजे पूर्वा० तक

''माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों के लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा अनेको बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और सीट पर जाकर अपनी बातों को कहें, लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 02.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

भोजनावकाश के बाद

02.00 बजे अप० से 02.05 बजे अप० तक ।

[1] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों का वाद-विवाद एवं मतदान :-

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री महाचन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

इस पर कटौती का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया ।

''इस दौरान पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन से बार-बार अनुरोध किये जाने के बाद सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 04.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

स्थगनोपरान्त

04.00 बजे अप० से 04.05 बजे अप० तक ।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पुनः पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांगों के लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

आसन से बार-बार अनुरोध किए जाने के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 04.53 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>स्थगनोपरान्त)</u>

04.53 बजे अप० से 05.04 बजे अप० तक ।

माननीय प्रभारी मंत्री लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग श्री महाचन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा सरकार की ओर से अनुदान की मांग के संबंध में संक्षेप में पक्ष रखा गया तथा उनके लिखित भाषण को पढ़ा हुआ मान लिया गया जो कार्यवाही का अंग बना ।

सदन द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[2] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 18 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

[3] <u>शोक प्रकाश</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने श्री चुन्नीलाल राजवंशी, पूर्व स०वि०स० के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना शोकाकुल परिवार के पास भेज दिए जाएं ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 9 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-08.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।